प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

28.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रदेश में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी राज्य सरकार–पंजाब सरकार से उठाया जाएगा निशानदेही का मामला।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा आर.एस.एस. को लेकर की गई टिप्पणी पर विधानसभा में हंगामा–विपक्ष ने राजस्व मंत्री से माफी की मांग की।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आवारा पशुओं की समस्या के लिए पूरे समाज को बताया जिम्मेदार–विधायकों से अपने–अपने क्षेत्रों से जागरूकता आंदोलन शुरू करने की अपील।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए चार सौ 60 करोड़ रूपए की राशि की जारी।

प्रश्नकाल

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए खनन नीति में बदलाव किया गया है। धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक मलेंद्र राजन के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि नई नीति के तहत सरकार राज्य में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उद्योग मंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला के इंदौरा में निशानदेही का विवाद पंजाब सरकार के साथ पहले भी उठाया गया है और सरकार इस मामले को दोबारा पंजाब सरकार के समक्ष उठाएगी। उन्होंने कहा कि निशानदेही के विवाद की वजह से इस इलाके में अवैध खनन को रोक पाना मुश्किल हो रहा है। कई बार अवैध खनन में शामिल लोग अपने वाहनों को लेकर पंजाब में पहुंच जाते हैं, नतीजतन पुलिस को कार्रवाई करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इंदौरा में ब्यास नदी के किनारे 34 क्रशर इकाइयां काम कर रही हैं। सरकार ने किसी भी नए क्रशर की स्थापना को मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि खनन नीति में बदलाव के बाद राजस्व में बढ़ोतरी हुई है और 2024–25 में 3 सौ 54 करोड़ रुपए का राजस्व खनन रायल्टी से प्राप्त हो चुका है।

प्रश्नकाल–2

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने विधायक चंद्रशेखर के एक सवाल के जवाब में कहा कि सिविल अस्पताल धर्मपुर के भवन का निर्माण कार्य 90 फीसदी तक पूरा कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सिविल अस्पताल संधोल के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है जो 80 फीसदी तक हो चुका है। चंद्रशेखर के अनुपूरक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सिविल अस्पताल संधोल व धर्मपुर में एक्सरे मशीन स्थापित कर दी गई है, लेकिन धर्मपुर अस्पताल की एक्सरे मशीन काम नहीं कर रही है। इसकी मुरम्मत का कार्य चल रहा है जो जल्द पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विधायक ने एक्स–रे व अन्य मशीनों का जो मामला उठाया है उस पर सरकार संज्ञान लेगी व जल्द ही नई एक्सरे मशीनें स्थापित की जाएगी।

विधायक केवल सिंह पठानिया, कुलदीप राठौर, जे.आर कटवाल और दीपराज के संयुक्त सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल में बाढ़ व वर्षा प्रभावित लोगों के लिए 15 सौ करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक केंद्र की ओर से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है।

हंगामा

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी हंगामा हुआ। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा कल आर.एस.एस. को लेकर की गई टिप्पणी पर ये हंगामा हुआ। विपक्ष ने मांग की इस टिप्पणी को रिकार्ड से हटाया जाए और राजस्व मंत्री इसके लिए माफी मांगे।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–

धर्मशाला के तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा आर.एस.एस. को लेकर की गई टिप्पणी पर भारी हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रश्नकाल के बाद यह मामला उठाते हुए कहा कि राजस्व मंत्री ने बीते रोज विपक्ष द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान मुद्दे से बाहर जाकर आरएसएस पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जगत सिंह नेगी ने जिन शब्दों का प्रयोग किया, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और इन शब्दों को विधानसभा की कार्यवाही से हटाया जाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि आरएसएस ने 1925 में अपने गठन के बाद से राष्ट्र सेवा में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने मांग की कि जगत सिंह नेगी इन टिप्पणियों के लिए माफी मांगें। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन के भीतर हुए जोरदार हंगामे पर कहा कि विपक्षी दल भाजपा में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के प्रति दुर्भावना है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के बीच व्यवधान डालना विपक्ष की आदत बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन आम सहमति से चलना चाहिए। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले को सदन में उठाना चाहा, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने यह कहते हुए इसकी इजाजत नहीं दी कि प्रश्नकाल आरंभ हो चुका है और वह प्रश्नकाल के बाद उन्हें बोलने की इजाजत देंगे। जब विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष को बोलने की इजाजत नहीं दी तो सभी विपक्षी सदस्य अपनी–अपनी सीटों पर खड़े हो गए और नारेबाजी आरंभ कर दी। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने खास तौर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और कुछ देर बाद पूरा विपक्ष नारे लगाते हुए सदन के बीचों–बीच पहुंच गया। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे राजस्व मंत्री द्वारा आर.एस.एस. को लेकर बोली गई बातों को फिर से रिकार्ड में देखेंगे और यदि इस में कुछ भी अवांछित हुआ तो उसे रिकार्ड से हटा दिया जाएगा।

संकल्प

पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य में आवारा पशुओं की समस्या हमारी सभ्यता और संस्कृति की देन है। विधानसभा में आज निजी सदस्य कार्य दिवस के तहत विधायक सुखराम चौधरी द्वारा लाए गए संकल्प के जवाब में चंद्र कुमार ने कहा कि इस समस्या के लिए पूरा समाज जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए सरकार जंगलों को आवारा पशुओं के लिए नहीं खोल सकती। कृषि मंत्री के जवाब से संतुष्ट सुखराम चौधरी ने अपना निजी संकल्प वापस ले लिया। चंद्र कुमार ने कहा कि सरकार के पास राज्य में मौजूद सभी आवारा पशुओं को रखने का प्रबंध नहीं है। ऐसे में इस समस्या का समाधान सिर्फ जागरूकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस समय केवल 21 हजार 3 सौ 60 पशुओं को ही गौशालाओं में रखने का प्रबंध है।

उन्होंने सभी विधायकों से अपने–अपने चुनाव क्षेत्रों में आवारा पशुओं को लेकर जागरूकता आंदोलन शुरू करने की अपील की ताकि लोग घर में ही पशुओं का पालन–पोषण करे। पशुपालन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस समय सरकारी और निजी क्षेत्र में 2 सौ 60 गौशालाएं हैं और इन पर हर साल 74 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। विधायक किशोरी लाल, डॉ. जनक राज, प्रकाश राणा, बलवीर वर्मा, विनोद कुमार और रणवीर सिंह निक्का ने भी इस संकल्प पर हुई चर्चा में भाग लिया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए चार सौ 60 करोड़ रुपए जारी किए हैं और इसका कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी होगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिला के राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित किया है जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में अनेक पर्यटन परियोजनाओं को साकार रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की तंगरोटी पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जनशिकायतें सुनी। इस बीच मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में तीन करोड़ 21 लाख रूपए की लागत से पशु पालन विभाग के उप निदेशक कार्यालय के नये भवन का उद्घाटन भी किया।

रक्तदान

ऑडिट सप्ताह के उपलक्ष्य पर भारतीय लेखा परीक्षा व लेखा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आज शिमला के रिज मैदान पर एक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में ए.जी ऑफिस के कर्मचारियों व अधिकारियों के अलावा अन्य लोगों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमहा लेखाकार सुशील ठाकुर ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिसमें सभी लोगों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

––बाईट––सुशील ठाकुर––

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी राज्य सरकार–पंजाब सरकार से उठाया जाएगा निशानदेही का मामला।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा आर.एस.एस. को लेकर की गई टिप्पणी पर विधानसभा में हंगामा–विपक्ष ने राजस्व मंत्री से माफी की मांग की।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आवारा पशुओं की समस्या के लिए पूरे समाज को बताया जिम्मेदार–विधायकों से अपने–अपने क्षेत्रों से जागरूकता आंदोलन शुरू करने की अपील।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए चार सौ 60 करोड़ रूपए की राशि की जारी।